प्रेस को जानकारी टिप्पण (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 57 / 2020)

तत्काल जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, दिनांक 01 जनवरी, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019 तक की अवधि के लिए क्रियाकलापों की रिपोर्ट जारी करता है

नई दिल्ली, 13 अगस्त, 2020 – आज, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिनांक 01 जनवरी, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019 तक की अवधि के लिए क्रियाकलापों की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट, प्राधिकरण द्वारा कलेण्डर वर्ष 2019 के दौरान किए गए क्रियाकलापों का सार प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट में संदर्भित सभी सिफारिशें, विनियम, आदेश और निदेश भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और उन्हें विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के लिए संदर्भित किया जा सकता है। यह आशा की जाती है कि यह रिपोर्ट प्राधिकरण द्वारा की गई पहल को व्यापक दृष्टिकोण और उसका बेहतर बोध प्रदान करकती है ताकि दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र का विकास किया जा सके।

क्रियाकलापों के संबंध में रिपोर्ट को हितधारकों की जानकारी के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट पर डाला गया है। उपयुक्त रिपोर्ट के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (प्रशासन), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली– 110002 से दूरभाष नम्बर 23236119 और ई– मेल advadmn@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(सुनील कुमार गुप्ता)
सचिव

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति मान्य होगी।